उत्तर प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन अनुभाग
लखनऊ: दिनांक: 20अप्रैल, 2023

विज्ञप्ति/विविध

प्रदेश के नगर निगमों के महापौरो एवं पार्षदों तथा नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के सामान्य निर्वाचन-2023 विषयक राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना संख्या-206/रा0 नि0 आ 0 अनु0-4/न 0 नि0/2023 दिनॉक 09-04-2023 द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 के निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी की गयी है। इस निर्वाचन हेतु जनपदों में प्रथम चरण का मतदान दिनॉक 04-05-2023 को एवं द्वितीय चरण का मतदान दिनॉक 11-05-2023 को निम्नानुसार होना नियत है :-

क्र0 सं0	चुनाव चरण	मतदान का दिनॉक	जनपद
1	2	3	4
1	प्रथम चरण	04-05-2023 बृहस्पतिवार	शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झॉसी, जालौन, ललितपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, गोण्डा, बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चन्दौली एवं जौनपुर।
2	द्वितीय चरण	11-05-2023 बृहस्पतिवार	मेरठ, हापुड, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, बदायू, शाहजहॉपुर, बरेली, पीलीभीत, हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़, कानपुर नगर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, भदोही एवं मीरजापुर।

2- अतएव नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट-1881 (एक्ट सख्या-26, 1881) की धारा-25 द्वारा प्राप्त उन अधिकारों को काम मे लाकर जिन्हें भारत सरकार की विज्ञप्ति संख्या-20/25-26-56-पब-1 दिनॉक 08-06-1957 के अनुसार राज्य सरकार काम में ला सकती है, के अनुक्रम में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 के प्रयोजनार्थ उक्त प्रस्तर-1 की तालिका के स्तम्भ-3 में अंकित मतदान दिवस दिनॉक 04-05-2023 को उसके सम्मुख स्तम्भ-4 में अंकित जनपदों में तथा मतदान दिवस दिनांक 11-05-2023 को उसके सम्मुख स्तम्भ-4 में अंकित जनपदों में राज्यपाल महोदया सार्वजनिक अवकाश घोषित करतीं हैं।

मतदान दिवस दिनांक 04-05-2023 एवं 11-05-2023 को संबंधित जिलाधिकारी द्वारा अपने-अपने जनपद में अवकाश घोषित किया जायेगा।

Signed by जितेन्द्र कुमार
Date: 20-04-2023 16:18:06
Reason: Approved

(जितेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

Scanned with CamScanner